संविदा पर नियुक्त होंगे एजुकेटर और परिचालक

यूपी में 20 हजार कर्मचारी भर्ती होंगे

जॉब्स

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। प्रदेश में जल्द बंपर भर्तियां होने जा रही हैं। यूपी में संविदा पर एजुकेटर और परिचालक के कुल 20 हजार पदों पर भर्ती करने का फैसला किया गया है। रोडवेज संविदा पर 10 हजार बस कंडक्टरों की नियुक्तिकरेगा। वहीं 75 जिलों में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र से युक्त 10684 विद्यालयों में एक-एक ईसीसीई (बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा) एजुकेटर की संविदा पर नियुक्ति की जाएगी।

उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम में करीब 7000 बसों का बेड़ा बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। इनमें 2000 के करीब डीजल, सीएनजी बसें होंगी और 5000 इलेक्ट्रिक बसें अनुबंध पर चलाई जाएंगी। इन बसों पर परिचालकों की तैनाती के लिए संविदा पर 10 हजार बस कंडक्टरों की भर्ती की जाएगी।

बीते दिनों परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्रप्रभार) दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में संविदा पर कंडक्टरों की सीधी भर्ती की घोषणा की गई थी। इस संबंध में परिवहन निगम मुख्यालय से प्रधान प्रबंधक कार्मिक की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी को भेजा गया है। वहीं प्रदेश के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र से युक्त 10684 विद्यालयों में ईसीसीई एजुकेटर की भर्ती 11 महीने के लिए आउटसोर्सिंग से होगी। इन्हें प्रतिमाह 10313 रुपये मानदेय दिया जाएगा।

भर्ती के लिए पत्र लिखा P08



10 हजार बस कंडक्टरों की भर्ती करेगा रोडवेज

75 जिलों 10684 ईसीसीई एजुकेटर की होगी भर्ती

महाराष्ट्र में नई पेंशन योजना लागू, यूपी में भी शुरू हुई तैयारी

अच्छी खबर

लखनऊ, विसं। केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को यूपी में भी लागू करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। महाराष्ट्र सरकार ने रविवार को यूपीएस को मंजूरी दे दी। इसी के साथ महाराष्ट्र यूपीएस को मंजूरी देने वाला पहला राज्य बन गया। इससे माना जा रहा है कि यूपी में भी यह जल्द लागू होगी।

वित्त विभाग नई पेंशन योजना पर आने वाले खर्च का आकलन करेगा और पता लगाएगा कि यूपीएस लागू करने से सरकार के ऊपर कितना बोझ आएगा। इसके आधार पर रिपोर्ट तैयार करते हुए उच्च स्तर से अनुमति ली जाएगी। माना जा रहा है कि जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। केंद्र सरकार के शासनादेश का इंतजार है।

यूपीएस का स्वागत किया P08
कई राज्य कर रहे तैयारी P13